प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0
मण्डी परिषद् भवन, 16, ए.पी. सेन रोड, लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद–उन्नाव।

पत्र संख्या : एस.पी.एम.यू. / नियोजन / 42 / 2023–24 / 8441 दिनांक : 01-02-2024

**विषयः–राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 10–12 जनवरी 2024 को किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों को निस्तारित कराये जाने के सम्बंध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सपोर्टिव सुपरविजन की टीम द्वारा दिनांक दिनांक 10–12 जनवरी 2024 को आपके जनपद की विभिन्न स्वास्थ्य इकाईयों पर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया। भ्रमण दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान चिकित्सा इकाईयों में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बंध में प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है, जिसके मुख्य बिन्दु निम्नवत है :–

1. **ओ0पी0डी0 व्यवस्था (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवाबगंज) :**
    - बालरोग चिकित्सक द्वारा सामान्य एवं बच्चों की एक साथ ओ0पी0डी0 की जा रही है। मानकों के अनुसार बच्चों को उनके वजन / लम्बाई के अनुसार उपचार किया जाना अपेक्षित है, परन्तु ओ0पी0डी0 कक्ष में कोई भी आवश्यक सामान (BP machine, Height measurement scale, weighing scale, view box and sanitizer etc) उपलब्ध नहीं है।
    - प्रसूति विशेषज्ञ द्वारा पी0वी0 परीक्षण ओ0पी0डी0 में नहीं किये जाते हैं, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वह रोगियों के आंतरिक परीक्षण करने हेतु प्रसव कक्ष में जाती हैं, जो कि मानकों के विपरीत है। ओ0पी0डी0 कक्ष को पुनः व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। इस कक्ष में पी0वी0 करने हेतु Examinationa Table, Gloves एवं Privacy Curtain की व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
    - सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मानव संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। Anesthetic, Surgeon and Gynaecologist होने के बाद भी स्वास्थ्य केन्द्र पर C-Section नही हो रहा है जोकि एक गंभीर विषय है।
    - भ्रमण के दौरान इमरजेंसी कक्ष व्यवस्थित नहीं पाया गया। इस कक्ष में आवश्यक उपकरण नहीं थे, जिनकी उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
2. **स्टोर व्यवस्था :**
    - स्टोररूम खुलवाकर देखा गया तो वहां पर्याप्त मात्रा में सामान जैसे–Labour Table, curtain, pillows, pillow cover, bedsheets, Mackintosh sheet, gloves, boiler (obsolete), suction machine, BP machine, single use syringe with needle, wheelchair, buckets, dustbins, yoga mats इत्यादि उपलब्ध था। यदि सभी सामान को उपयुक्त स्थान पर पहुंचा दिया जाये तो चिकित्सालय के सभी ओ0पी0डी0 एवं अन्य कक्ष पूर्ण रूप से व्यवस्थित हो जाएंगे।
    - सम्बन्धित फार्मासिस्ट को अक्रियाशील उपकरणों, जिनकी मरम्मत नहीं की जा सकती है, उनको कन्डम करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।
3. **बी0एम0डब्लू0 शेड :**
    - बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे बी0एम0डब्लू0 शेड बने है, जोकि जल्द ही बनवाये गये है। उस स्थान पर झाड़ियां तथा गन्दगी, कूड़ा–करकट फैला हुआ है, जिसे देख कर यह प्रतीत हो रहा है कि जैसे वहाँ महीनो से कोई आवागमन न हो।

- स्वास्थ्य केन्द्र पर बायो मेडिकल वेस्ट की गाड़ी प्रतिदिन आती है। मानकों के विपरीत फैसिलिटी के गेट पर ही बायो मेडिकल वेस्ट बिन से वेस्ट हैण्डओवर किया जाता है। लॉगबुक में इंट्री भी पर्याप्त नहीं है।
- यह फैसिलिटी कायाकल्प के अंतर्गत प्रमाणित एवं पुरस्कृत है। कायाकल्प अवार्ड स्कीम के दिशा–निर्देशानुसार पुरस्कार की 25 प्रतिशत धनराशि स्टाफ वेलफेयर में व्यय किया जाना है। फैसिलिटी की वर्तमान स्थिति को देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि प्रमाणीकरण के पश्चात् उसकी निरन्तरता को बनाये नही रखा गया जोकि अति आवश्यक है। अतः यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है।

4. **चिकित्सक ड्यूटी रूम :**
   - नाइट स्टे हेतु बनाये गये स्टॉफ रूम की हालत बहुत दयनीय है, टॉयलेट अकियाशील, पंखे पर जाले लगे हुए एवं पूरे कमरे में धूल पायी गयी। कमरे की स्थिति को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे महीनों से वहाँ कोई न रूका हो।

5. **डिस्ट्रिक्ट अर्ली इन्टरवेंशन सेन्टर (डी0ई0आई0सी0)** :
   - भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 से डी0ई0आई0सी0 स्थापित किये जाने हेतु अनुमोदित है। डी0ई0आई0सी0 भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है परन्तु उपकरणों का कय एवं भवन इन्टीरियर डिजाइन का कार्य लम्बित होने के कारण डी0ई0आई0सी0 अक्रियाशील है।

उपरोक्त भ्रमण की विस्तृत आख्या संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित की जा रही है कि भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों एवं दिये गये सुझावों के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिन्दुवार अनुपालन आख्या/कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को पत्र प्राप्ति के 1 सप्ताह के भीतर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक– भ्रमण आख्या (ई–मेल द्वारा प्रेषित)।

भवदीया,

Pinky 01/4/24

**(डॉ0 पिंकी जोवल)**
मिशन निदेशक

पत्र संख्या : एस.पी.एम.यू./नियोजन/42/2023–24/ तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
2. महानिदेशक–परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद–उन्नाव।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ मण्डल।
5. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, उत्तर प्रदेश।
6. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, उन्नाव।
7. जिला कार्यकम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, जनपद उन्नाव को इस आशय के साथ प्रेषित कि भ्रमण आख्या का अनुपालन कराते हुए कृत कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**(डॉ0 अर्चना वर्मा)**
जनपदीय नोडल अधिकारी,
लखनऊ/उन्नाव

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0
मण्डी परिषद् भवन, 16, ए.पी. सेन रोड, लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद–उन्नाव।

पत्र संख्या : एस.पी.एम.यू. / नियोजन / 42 / 2023–24 / दिनांक : 01-02-2024

**विषयः–राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 10–12 जनवरी 2024 को किये गये सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों को निस्तारित कराये जाने के सम्बंध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय सपोर्टिव सुपरविजन की टीम द्वारा दिनांक दिनांक 10–12 जनवरी 2024 को आपके जनपद की विभिन्न स्वास्थ्य इकाईयों पर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया। भ्रमण दल द्वारा पर्यवेक्षण के दौरान चिकित्सा इकाईयों में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के सम्बंध में प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार पर सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है, जिसके मुख्य बिन्दु निम्नवत है :–

1. **ओ0पी0डी0 व्यवस्था (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवाबगंज) :**
   - बालरोग चिकित्सक द्वारा सामान्य एवं बच्चों की एक साथ ओ0पी0डी0 की जा रही है। मानकों के अनुसार बच्चों को उनके वजन / लम्बाई के अनुसार उपचार किया जाना अपेक्षित है, परन्तु ओ0पी0डी0 कक्ष में कोई भी आवश्यक सामान (BP machine, Height measurement scale, weighing scale, view box and sanitizer etc) उपलब्ध नहीं है।
   - प्रसूति विशेषज्ञ द्वारा पी0वी0 परीक्षण ओ0पी0डी0 में नहीं किये जाते हैं, उनके द्वारा अवगत कराया गया कि वह रोगियों के आंतरिक परीक्षण करने हेतु प्रसव कक्ष में जाती हैं, जो कि मानकों के विपरीत है। ओ0पी0डी0 कक्ष को पुनः व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। इस कक्ष में पी0वी0 करने हेतु Examinationa Table, Gloves एवं Privacy Curtain की व्यवस्था किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।
   - सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मानव संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। Anesthetic, Surgeon and Gynaecologist होने के बाद भी स्वास्थ्य केन्द्र पर C-Section नही हो रहा है जोकि एक गंभीर विषय है।
   - भ्रमण के दौरान इमरजेंसी कक्ष व्यवस्थित नहीं पाया गया। इस कक्ष में आवश्यक उपकरण नहीं थे, जिनकी उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

2. **स्टोर व्यवस्था :**
   - स्टोररूम खुलवाकर देखा गया तो वहां पर्याप्त मात्रा में सामान जैसे–Labour Table, curtain, pillows, pillow cover, bedsheets, Mackintosh sheet, gloves, boiler (obsolete), suction machine, BP machine, single use syringe with needle, wheelchair, buckets, dustbins, yoga mats इत्यादि उपलब्ध था। यदि सभी सामान को उपयुक्त स्थान पर पहुंचा दिया जाये तो चिकित्सालय के सभी ओ0पी0डी0 एवं अन्य कक्ष पूर्ण रूप से व्यवस्थित हो जाएंगे।
   - सम्बन्धित फार्मासिस्ट को अक्रियाशील उपकरणों, जिनकी मरम्मत नहीं की जा सकती है, उनको कन्डम करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

3. **बी0एम0डब्लू0 शेड :**
   - बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे बी0एम0डब्लू0 शेड बने है, जोकि जल्द ही बनवाये गये है। उस स्थान पर झाड़ियां तथा गन्दगी, कूड़ा–करकट फैला हुआ है, जिसे देख कर यह प्रतीत हो रहा है कि जैसे वहाँ महीनो से कोई आवागमन न हो।

- स्वास्थ्य केन्द्र पर बायो मेडिकल वेस्ट की गाड़ी प्रतिदिन आती है। मानकों के विपरीत फैसिलिटी के गेट पर ही बायो मेडिकल वेस्ट बिन से वेस्ट हैण्डओवर किया जाता है। लॉगबुक में इंट्री भी पर्याप्त नहीं है।
- यह फैसिलिटी कायाकल्प के अंतर्गत प्रमाणित एवं पुरस्कृत है। कायाकल्प अवार्ड स्कीम के दिशा–निर्देशानुसार पुरस्कार की 25 प्रतिशत धनराशि स्टाफ वेलफेयर में व्यय किया जाना है। फैसिलिटी की वर्तमान स्थिति को देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि प्रमाणीकरण के पश्चात् उसकी निरन्तरता को बनाये नही रखा गया जोकि अति आवश्यक है। अतः यह स्थिति अत्यंत खेदजनक है।

4. **चिकित्सक ड्यूटी रूम :**
   - नाइट स्टे हेतु बनाये गये स्टॉफ रूम की हालत बहुत दयनीय है, टॉयलेट अक्रियाशील, पंखे पर जाले लगे हुए एवं पूरे कमरे में धूल पायी गयी। कमरे की स्थिति को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे महीनों से वहाँ कोई न रूका हो।
5. **डिस्ट्रिक्ट अर्ली इन्टरवेंषन सेन्टर (डी0ई0आई0सी0) :**
   - भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 से डी0ई0आई0सी0 स्थापित किये जाने हेतु अनुमोदित है। डी0ई0आई0सी0 भवन का निर्माण कार्य पूर्ण करा लिया गया है परन्तु उपकरणों का कय एवं भवन इन्टीरियर डिजाइन का कार्य लम्बित होने के कारण डी0ई0आई0सी0 अक्रियाशील है।

उपरोक्त भ्रमण की विस्तृत आख्या संलग्न कर आपको इस निर्देश के साथ प्रेषित की जा रही है कि भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों एवं दिये गये सुझावों के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करते हुए बिन्दुवार अनुपालन आख्या/कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को पत्र प्राप्ति के 1 सप्ताह के भीतर हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक– भ्रमण आख्या (ई–मेल द्वारा प्रेषित)।

भवदीया,

**(डॉ0 पिंकी जोवल)**
मिशन निदेशक

पत्र संख्या : एस.पी.एम.यू./नियोजन/42/2023–24/ 8441-7 तद्दिनांक।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
2. महानिदेशक–परिवार कल्याण, परिवार कल्याण महानिदेशालय, उत्तर प्रदेश।
3. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद–उन्नाव।
4. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लखनऊ मण्डल।
5. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, उत्तर प्रदेश।
6. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला संयुक्त चिकित्सालय, उन्नाव।
7. जिला कार्यकम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, जनपद उन्नाव को इस आशय के साथ प्रेषित कि भ्रमण आख्या का अनुपालन कराते हुए कृत कार्यवाही की प्रगति रिपोर्ट प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

**(डॉ0 अर्चना वर्मा)**
जनपदीय नोडल अधिकारी,
लखनऊ/उन्नाव

# सहयोगात्मक पर्यवेक्षण बिन्दु
## जनपद– उन्नाव
## दिनांक– 10.01.2024 से 12.01.2024

**पर्यवेक्षक–**

- **डा0 अर्चना वर्मा, जी0एम0, नियोजन,एस0पी0एम0यू0,एन0एच0एम0,लखनऊ।**
- **सरिता गुप्ता,स्टेट आशा प्रोग्राम मैनेजर, सी0पी0/ई0एम0टी0एस0,एस0पी0एम0यू0,एन0एच0एम0,लखनऊ।**
- **सादिया सिद्दीकी, डी0आई0सी0 सलाहकार, आर.0बी0एस0के0 सेल, ,एस0पी0एम0यू0,एन0एच0एम0,लखनऊ।**

मिशन निदेशक एन0एच0एम0 के पत्रांक एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम.एण्ड.ई/2023–24/04/320–2 दिनांक 13.04.2023 में प्रदत्त निर्देशानुसार उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 10.01.2024 से 12.01.2024 तक जनपद उन्नाव के निम्नांकित चिकित्सा इकाइयों/सामुदायिक स्तर कार्यक्रमों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया–

- दिनांक 10.01.2024 को सामु0स्वा0केन्द्र नवाबगंज के अर्न्तगत ग्राम मिश्रीगंज में वी0एच0एन0डी0 सत्र तथा अजगैन उपकेन्द्र (एच0डब्लू0सी0) का पर्यवेक्षण किया गया।
- दिनांक 11.01.2024 को सामु0स्वा0केन्द्र–नवाबगंज एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–चमरौली का पर्यवेक्षण किया गया।
- दिनांक 12.01.2024 को दोनो जिला चिकित्सालयों का भ्रमण कर मुख्य चिकित्साधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक–जिला महिला चिकित्सालय, चिकित्सा अधीक्षक– जिला पुरुष चिकित्सालय तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धन ईकाई के अधिकारियों के साथ जनपद की चिकित्सा इकाईयों के भ्रमण सम्बन्धित फीडबैक साझा किया गया।

**दिनांक: 10.01.2024**

**वी0एच0एन0डी0 सत्र–**

- सत्र के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ए0एन0एम0, आंगनबाडी, आशा संगिनी व आशा उपस्थित थी। बैनर व अन्य सभी दवायें, लॉजिस्टिक एवं आवश्यक दस्तावेज (माइक्रो प्लाान, ड्यू लिस्ट एवं एम0सी0पी0 कार्ड इत्यादि) उपलब्ध पाये गये। आशा संगिनी के रजिस्टर के अलावा अन्य सभी दस्तावेज मौजूद थे।





- वी0एच0एन0डी0 सत्र गांव के मध्य किसी के घर पर आयोजित की गयी थी।
- वी0एच0एन0डी0 सत्र आयोजन में सभी आवश्यक तैयारियों का ध्यान रखा गया था।
- सत्र पर ए0एन0एम0 द्वारा ए0एन0सी0 के अन्तर्गत पेट की जाँच नहीं किया जा रहा था क्यूकिं सत्र स्थान पर पेट की जाँच हेतु कोई प्रबन्धन नही किया गया था।
- अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित नहीं किया गया था।
- आशा द्वारा ड्यू लिस्ट तैयार की गई थी। लक्ष्य दम्पति की सूची उपलब्ध नहीं थी।
- एम0सी0पी0 कार्ड की कमी थी।
- सत्र के दौरान कुछ लाभार्थी वहाँ उपस्थित थे जिनसे बातचीत करके सेवाओं की गुणवत्ता के विषय में पुछताछ की गयी। लाभार्थी द्वारा प्राप्त सेवाओं पर सन्तुष्टि प्रकट की गई।
- मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु के विषय पर पर्याप्त सूचना उपलब्ध नही करायी गयी।
- ए0एन0एम0 को अपने क्षेत्र की जनसंख्या का सही–सही ज्ञान नही था।
- ए0एन0एम0, आशा संगिनी, आंगनबाडी एवं आशा सभी को अपने कार्यो के प्रति जागरुकता तो थी परन्तु क्षेत्र पर क्रियान्वयन अच्छे से नही हो रहा है।

**<u>एच0डब्लू0सी0, उप–केन्द्र अजगैन</u>**





- ब्लाक नवाबगंज के उपकेन्द्र अजगैन का भ्रमण किया गया। उपकेन्द्र की जनसंख्या 9110 थी और इसके अन्तर्गत 06 आशायें कार्यरत थी।
- उपकेन्द्र पर सी0एच0ओ0 श्रीमती शिवानी गौतम उपस्थित थी। जोकि पिछले छः माह से मातृत्व अवकाश पर थी दिनांक 16.11.2023 को वापस ज्वाइन किया एवं ज्वाइन होने के बाद इनके द्वारा किसी प्रशिक्षण में भाग लिया गया था। दिनांक 06.01.2024 को एच0डब्लू0सी0, उप–केन्द्र ज्वाइन किया है।
- उपकेन्द्र पर साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी। परन्तु टॉयलेट में रनिगं वाटर नही था।
- सी0एच0ओ0 द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखो पर कोई भी सूचना अंकित नहीं थी।

- जन आरोग्य समिति बैठक से सम्बन्धित पंजिका/रजिस्टर उपलब्ध था किन्तु पूर्ण नहीं था।
- परिवार कल्याण से सम्बन्धित आवश्यक सामाग्री सी0एच0ओ0 के पास उपलब्ध थी।
- सी0एच0ओ0 द्वारा टीम को अवगत कराया गया कि उनके द्वारा DVDMS portal, HWC portal, NCD application, Telemedicine application और ई–कवच पर कार्य किया जाता है। परन्तु सी0एच0ओ0 द्वारा अपने किसी भी कार्य को हमें दर्शाया नही जा सका क्यूकिं वह अपना टैबलेट अपने साथ नही लायी थी।
- आशाओं द्वारा सी–बैक फॉर्म नही भरा जा रहा है। जिले पर सी–बैक फॉर्म हेतु टेंडर नही हो पाने के कारण सी–बैक फॉर्म आशाओं को उपलब्ध नही कराये जा सके है।
- सी0एच0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी ड्यूटी गोल्डेन कार्ड बनाने में लगा दी गई है जिस कारण वह अपना मूल कार्य नही कर पा रही है।
- एच0डब्लू0सी0, उप–केन्द्र का कार्य संतोषजनक नही पाया गया।

**दिनांकः 11.01.2024**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवाबगंज**



- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नवाबगंज लखनऊ–उन्नाव मेन रोड पर स्थित होने के साथ यह एक एफ0आर0यू0 फैसिलिटी है। नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कायाकल्प एवं एन0क्यू0ए0एस0 प्रमाणित है।
- उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मानव संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। Anesthetic, Surgeon and Gyno होने के बाद भी स्वास्थ्य केन्द्र पर C-Section नही हो रहा है जोकि एक गंभीर विषय है। इस केन्द्र पर आखिरी C-Section माह अक्टूबर 2023 में हुआ था। वर्तमान में सी0एम0ओ0 द्वारा Gyno का मानदेय पिछले दो माह से रोका गया है। सी0एम0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया है कि जब–जब जिले से इन डा0 का मानदेय रोका जाता है तब–तब ही इनके द्वारा C-Section किया जाता है।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर जनरल सर्जन अटैच किये गये है जोकि मोराना ब्लॉक में तैनात है। इनके द्वारा जनपदं में कैम्प के माध्यम से नसबंदी सेवायें एवं ैमबजपवद करने में हैण्ड होल्डिंग हेतु समर्थन किया जाता है।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर जनरल ओ0पी0डी0 मिलाकर कुल 500 ओ0पी0डी0 प्रतिदिन है। और नार्मल प्रसव 300 के लगभग है।

- बालरोग चिकित्सक के ओ0पी0डी0 कक्ष में कोई भी आवश्यक सामान (BP machine, Height measurement scale, weighing scale, view box and sanitizer etc) उपलब्ध नही था।
- प्रसूति विशेषज्ञ के ओ0पी0डी0 कक्ष को पुनः व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। इस कक्ष में पी0वी0 करने हेतु मगंउपदंजपवदं जंइसम नही थी। लेडी डाक्टर द्वारा अवगत कराया कि वह रोगियों के आंतरिक परीक्षण करने हेतु प्रसव कक्ष में जाती है जो कि मानकों के विपरीत है।
- ओ0पी0डी0 कक्ष में दो–दो अलमारी मौजूद थी जिससे पर्याप्त जगह नही हो पा रही थी। इसी कक्ष में आयूष औषधि वितरण किया जाता है।
- इस कक्ष में कोई अटैच शौचालय नही है।
- पी0वी0 करने हेतु उपयुक्त examination table कि व्यवस्था करने के लिये निर्देश दिया गया।
- लेडी डाक्टर के पास examination glov में उपलब्ध नहीं थे।
- परिसर के आधे से ज्यादा शौचालयों मे ताला लगा था और जो खुला शौचालय था उसमें सिंक के नीचे का पाइप टूटा हुआ था।
- परिसर में समुचित बाउन्ड्री वॉल न हाने के कारण जानवर अंदर टहल रहे थे।

**प्रसव कक्ष**



- प्रसव कक्ष मे नवीनीकरण कार्य चल रहा था और अस्थायी रूप से ई0टी0सी0 वार्ड में प्रसव की व्यवस्था की गयी है।
- प्रसव कक्ष में रूम हीटर/ ब्लोअर की व्यवस्था नहीं थी। कक्ष की खिड़की का शीशा टूटा हुआ था जिससे शीत हवा अंदर आ रही थी। जिसके लिये चिकित्सा अधीक्षक से तत्काल प्रभाव से व्यवस्था करवाने हेतु निर्देशित किया गया।
- प्रसव पंजिका का रख–रखाव सही नही था तथा कम वजन के नवजात की देखभाल से सम्बन्धित कोई भी रिकार्ड उपलब्ध नहीं था।
- बेबी कार्नर क्रियाशील नहीं था।
- एच0आर0पी0 से सम्बन्धित कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं था।

## पी0एन0सी0 वार्ड

लाभार्थियों से बातचीत करके जे0एस0वाई0 योजना के तहत मिलने वाली फ्री डाइट एवं फ्री साधन व्यवस्था के बारे में जानने का प्रयास किया गया जाकि संतोषजनक पाया गया।

## Condemnation Room एवं स्टोर रूम

CHC का स्टोररूम खुलवाकर देखा गया तो वहां पर्याप्त मात्रा में सामान उपलब्ध था । जैसे–Labour Table, curtain, pillows, pillow cover, bedsheets, Mackintosh sheet, gloves, boiler (obsolete), suction machine, BP machine, single use syringe with needle, wheelchair, buckets, dustbins, yoga mats इत्यादि। यदि सभी सामान को उपयुक्त स्थान पर पहुंचा दिया जाये तो CHC fully equipped हो जायेगी।





सम्बन्धित फार्मासिस्ट को अक्रियाशील उपकरणों, जिनकी मरम्मत नहीं की जा सकती है, उनको कन्डम करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

## ड्रग स्टोर रूम


- पर्याप्त मात्रा में रोशनी नहीं थी वहाँ सिर्फ 1 बल्ब व 1 ट्यूबलाइट थी।
- दवाओं का रखरखाव सन्तोष्जनक पाया गया।
- खिडकी का काँच टूटा होने के कारण रुम मे ठंडी हवा का आगमन बना हुआ था। और वहॉ बैठना मुश्किल हो रहा था।
- **Surgical gloves का 1 Box (25 piece) drug store में पाया गया। Pharmasist द्वारा बताया गया कि दिनांक 16.12.2023 को 1000 Surgical gloves एवं 2000 Emergency gloves demand किये गये जिसके सापेक्ष उन्हें सिर्फ 500 Emergency gloves ही प्राप्त हुये।**

| Distribution detail of 500 gloves as per Pharmacist record | | |
|---|---|---|
| 29.12.2023 | 100 gloves | OT |
| 05.12.2023 | 100 gloves | Emergency Room |
| 18.12.2023 | 200 gloves | LR-Staff Nurse (Kirti) |
| 27.12.2023 | 100 gloves | Emergency Room |

- परन्तु टीम को OPD में कोई gloves नही दिखाई दिये और gloves का कोई हिसाब नही मिला।








## स्टॉफ रूम

- नाइट स्टे हेतु बनाये गये स्टॉफ रूम की हालत बहुत दयनीय थी। कमरे की स्थिति को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे महीनों से वहाँ कोई न रूका हो।
- टॉयलेट अक्रियाशील स्थिति में था।
- पंखे पर जाले लगे हुए थे।

- इस्तेमाल किये हुए कुछ खाने के बर्तन वहाँ मिले जिस पर फंगस लगी हुयी थी।
- पूरे कमरे में धूल भरी हुयी थी।
- स्टॉफ द्वारा बताया गया कि अधीक्षक के कक्ष में ही नाइट ड्यूटी स्टॉफ रुकता है।







## बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट



- बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे रूम बने थे जोकि जल्द ही बनवाये गये है। उस स्थान पर बहुत गन्दगी एवं कुड़ा–करकट फैला हुआ था। साथ ही बहुत सारी झाड़–फूस भी उगी हुयी थी जिसे देख कर यह प्रतीत हो रहा था कि जैसे वहाँ महीनो से कोई आवागमन न हो।
- अधीक्षक का कहना था कि स्वास्थ्य केन्द्र पर बायो मेडिकल वेस्ट की गाड़ी प्रतिदिन आती है। स्टॉफ द्वारा बताया गया कि फैसिलिटी के गेट पर ही बायो मेडिकल वेस्ट बिन से वेस्ट हैण्डओवर किया जाता है। और लॉगबुक में भी एंट्री पर्याप्त नही थी।
- **जैसा कि यह फैसिलिटी कायाकल्प एवं एन0क्यू0ए0एस0 प्रमाणित है। फैसिलिटी की वर्तमान स्थिति को देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि प्रमाणीकरण के पश्चात् उसकी निरन्तरता को बनाये नही रखा गया जोकि अति आवश्यक है। अतः यह स्थिति खेदजनक है और साथ ही स्वास्थ्य विभाग के लिये प्रश्नचिन्ह्र भी।**

## एक्स–रे कक्ष







- X-Ray Technician के पास TLD Batch नही था और पुछने पर उसने बताया कि अभी तक उनको उनका TLD batch प्राप्त नही हुआ है। उनके पास 03 TLD batch उपलब्ध थे जिसमें से 02 batch named थे और 01 batch unnamed था। टीम द्वारा रेडियोग्राफर को निर्देशित किया गया कि वो unnamed TLC batch का इस्तेमाल शुरु कर दे जब तक उनका batch नही आ जाता है।
- कक्ष में Led Aprin को अलमारी में मोड़ कर रखा हुआ था और उसके किये रेडियोग्राफर के पास कोई हैंगर उपलब्ध नही था जिसके लिये रेडियोग्राफर को सजग किया गया कि Led Aprin को मोड़ कर रखना उचित नही है।
- कक्ष मे Console box रखा था जिसे तत्काल प्रभाव से कक्ष से हटाने के लिये निर्देशित किया गया।

## आर0के0एस0के0 कार्यक्रम

- भ्रमण के दौरान फैसिलिटी पर किशोरियों का एक ग्रुप अपने विद्यालय से ब्लड ग्रुप की जांच कराने वहां आया हुआ था और उनको देखकर first observation में टीम को अहसास हुआ कि इन किशोरियों में ब्लड की कमी हो सकती है। भ्रमण टीम द्वारा बी0पी0एम0 को निर्देशित करते हुए समस्त किशोरियों के हिमोग्लोबिन की भी जांच कराने हेतु निर्देशित किया गया जिससे उनमें एनिमियां की स्क्रीनिगं हो जाये।
- साथ ही उन सभी को टीम द्वारा Menstrual Hygiene, Anemia causes, diet, how to take Iron dose आदि विषयों पर परामर्श दिया गया।
- किशोरियों के ग्रुप में एक किशोरी को Pri Ammennorrhoea की शिकायत थी जिसे टीम द्वारा Gyno के पास अल्ट्रासाउण्ड और आगे के इलाज के लिये भेजा गया।






**Best Practice:**

**Cancer Prostate** का मरीज (नाम–श्री राम सजीवन)
जिसका ट्रिटमेंट के0जी0एम0यू0 से चल रहा था उसे डा0 के पर्यवेक्षण में **Zoledronic Acid injection** ड्रिप के माध्यम से चढ़ाया जा रहा था जोकि एक अच्छा अभ्यास है। परन्तु मरीज का बी0एच0टी0 नही बनाया था जिसके लिये सम्बन्धित डा0 को सुझाव दिया गया। साथ ही इमरजेंसी कक्ष को मानकानुसार सुसज्जित करने हेतु निर्देशित किया गया।






फैसिलिटी का भ्रमण करने के बाद अधीक्षक के साथ निम्न फिडबैक साझां किया गया–

- प्रसव कक्ष में रूम हीटर व खिड़की का टूटा शीशा ठीक करने की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया ।
- तत्काल प्रभाव से बायो मेडिकल वेस्ट की व्यवस्था ठीक करने को निर्देशित किया गया।
- लेडी डा0 से बात कर सर्जन का सहयोग लेते हुए C-Sectionकराने हेतु निर्देशित किया गया।
- Console box को एक्स–रे कक्ष से हटाने के लिये सम्बन्धित को निर्देशित करने को कहा गया।
- Consumable issues से भी अवगत कराया और स्टोर रुम में जो सामान एच0डब्लू0सी0 उप–केन्द्रो के लिये क्रय किया गया है उन सभी समान को यथावत् स्थान पर पहुँचाने हेतु निर्देशित किया गया।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, चमरौली

- फैसिलिटी का परिसर साफ–सुथरा एवं अच्छे से सुसज्जित था।
- स्टॉफ नर्स और एल0टी0 शाम 4:00 बजे तक मौजूद मिले।
- प्रसव कक्ष में जगह कम थी और माह में 1–2 डिलीवरी ही होती थी। डिलीवरी टेबल को री अरेन्ज कराने का सुझाव दिया गया। टेबल पर मैकेनशीट सही स्थिति में नही थी और ना ही उसपर कैलिसपैड पड़ा था।
- प्रसव कक्ष में ऑक्सीजन सिलेण्डर बेवजह ही रखा था जिसे हटाने के लिये कहा गया।
- एन0बी0एस0यू0 कार्नर उचित स्थान पर नही बना हुआ था। जिसे उपयुक्त स्थान पर शिफ्ट करने हेतु निर्देशित किया गया।
- महिला वार्ड में लेबर टेबल रखी हुयी थी जिसे वहाँ से हटाने को कहा गया।
- खिड़की का कांच टुटा हुआ था और पर्दा भी नही था।
- ड्रेसिंग रुम में हाइड्रोलिक टेबल रखी थी जिसे हटाने के किये कहा गया।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर होने वाले 63 लैब टेस्ट की लिस्ट केन्द्र में कहीं भी डिस्प्ले नही थी। जिसे बाद में टीम द्वारा उपलब्ध करा दिया गया।
- Pigeon chest में दवाएं रखने हेतु निर्देशित किया गया।
- स्टॉफ नर्स की SBA Training नही हुयी थी।





**दिनांक 12.01.2024**

## महिला जिला चिकित्सालय, उन्नाव

### प्रसव कक्ष



- प्रसव कक्ष में 7 ट्रे की व्यव्स्था संतोषजनक थी।
- प्रसव कक्ष में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक थी।
- प्रसव प्रोटोकाल से सम्बन्धित आई0ई0सी0 का प्रदर्शन पूर्ण था।
- प्रसव कक्ष में जगह की कमी होने की वजह से सिर्फ एक वार्मर है।
- प्रसव कक्ष में एक समय पर दो स्टॉफ नर्स की ड्यूटी लगती है। स्टॉफ की कमी अवगत कराया गया।
- प्रसव कक्ष में रूम हीटर/ब्लोअर की व्यवस्था थी।
- एन0एच0एम0 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रसव पंजिका का उपयोग हो रहा है।
- पार्टोग्राफ तैयार किया जा रहा है।
- एम्बुलेंस 102 पंजिका का रख–रखाव मानक अनुरूप  था।
- जे0एस0एस0के0 के अर्न्तगत डाइट पंजिका तैयार किया जा रहा था।
- एच0आर0पी0 की कोई संकलित सूचना नही थी तथा उनका कोई फॉलोअप नहीं किया जा रहा था।
- पिछले माह कुल 412 प्रसव हुवे जिसमें से 108 सी–सेक्शन हुए।

### पी0 एन0 सी0 वार्ड–

- पी0एन0सी0 वार्ड में साफ–सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं थी।

- भ्रमण के समय वार्ड में भर्ती लाभार्थीयों से वार्ता करने पर ज्ञात हुआ कि उन्हें जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत भोजन प्राप्त हो रहा है।

**एस0एन0सी0यू0**



- वर्तमान में वार्ड में 12 बैड 16 नवजात शिशुओं की भर्ती थी विगत वर्ष आउट बार्न 10 व इन बार्न 6 थे। जिसमें से आउट बार्न 04 व इन बार्न 01 की मृत्यु हो गयी।
- कुल 7 प्रशिक्षित स्टॉफ नर्स एवं एक डाटा एंट्री ऑपरेटर था।
- कुल 03 स्वीकृत पद के सापेक्ष 2 बालरोग विशेषज्ञ तैनात है जिसमें से एक डाक्टर सी0एम0ओ0 कार्यालय से अटैच है।
- मानव संसाधन की कमी बतायी गयी।
- डा0 अरविंद कुमार आनंद, बालरोग्य विशेषज्ञ द्वारा अवगत कराया गया कि यदि प्रधान मंत्री राहत कोष से 35 करोड़ रु0 की लागत का Central Oxygen plant लगाया गया है जोकि अक्रियाशील है।

**पुरूष जिला चिकित्सालय, उन्नाव**

**एन0आर0सी0**



- वार्ड में 10 बैड 08 बच्चों की भर्ती थी जिसमें 00 मृत्यु रिर्पोट की गयी है।
- 01 डाक्टर और 04 स्टॉफ नर्स के सापेक्ष 03 स्टॉफ नर्सो की तैनाती है।
- पिछले माह का ग्रोथ चार्ट 15–16 ग्राम प्रति किलोग्राम बॉडी वेट दर्ज किया गया है।
- एन0आर0सी0 वार्ड में क्लेफ्ट लिप एवं पैलेट बच्चें की आर0बी0एस0के0 के अन्तर्गत करेक्टिव सर्जरी निःशुल्क कराये जाने हेतु परामर्श दिया गया।

**परिवार नियोजन**

- माह अप्रैल से वर्तमान माह तक कुल 02 पुरुष नसबंदी केस रिर्पोट हुए है।

**ब्लड सेल**

- ब्लड बैंक का औसतन स्टॉक 16 यूनिट पाया गया।
- ब्लड बैंक में 02 डाक्टर, 01 स्टॉफ नर्स एवं 04 एल0टी0 तैनात थे।
- ब्लड कलेक्शन हेतु माह अप्रैल से कुल 06 कैम्प आयोजित किये गये जिसमें 10 यूनिट ब्लड कलेक्शन किया गया।

## डिस्ट्रिक्ट अर्ली इन्टरवेंशन सेन्टर (डी0ई0आई0सी0)

- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर कार्यरत मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर जन्म से 18 वर्ष के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनमें 4डी0 (Defects at Birth, Deficiencies, Diseases and Developmental Delays including disability) चिन्हित करते हुए निःशुल्क उपचार हेतु ब्लॉक, जनपद स्तरीय चिकित्सालयों, डी0ई0आई0सी0 केन्द्र तथा मेडिकल कॉलेजों में संदर्भित किया जाता है।
- भारत सरकार द्वारा डी0ई0आई0सी0 उन्नाव स्थापित किये जाने हेतु अनुमोदित है। तत्क्रम में डी0ई0आई0सी0 उन्नाव का भवन निर्मिण कार्य पूर्ण करा लिया गया है। पत्र दिनांक एस0पी0एम0यू0/आर0बी0एस0के0/02/2020–21/1898–2 दिनांक 23.07.2023 के माध्यम से प्रेषित वित्तीय मानक एवं दिशा–निर्देश में जनपद उन्नाव को एफ.एम.आर. कोड 6.1.1.5.2 के अन्तर्गत रू0 02.00 लाख से कम लागत वाले (रू0 23.72 लाख के) डी0ई0आई0सी0 उपकरण क्रय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। तद्दिनांक तक उपकरणों का क्रय लम्बित है।
- डिस्ट्रिक्ट अर्ली इन्टरवेंशन सेन्टर भवन के इन्टीरियर डिजाइन कार्य हेतु पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/आर0बी0एस0के0/16/2022–23/1373 दिनांक 19.05.2023 के माध्यम से संशोधित स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार विस्तृत दिशा–निर्देश प्रेषित किये गये है। तद्दिनांक तक उपकरणों का क्रय लम्बित है।
- डी0ई0आई0सी0 उन्नाव हेतु उपकरणों का क्रय एवं इन्टीरियर डिजाइन कार्य को अतिशीघ्र कराये जाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अनुरोध किया गया, जिससे वित्तीय वर्ष 2023–24 में डी0ई0आई0सी0 उन्नाव को क्रियाशील किया जा सके।

## जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक

दिनांक 12.01.2024 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ तथा जिला एवं महिला चिकित्सालय के अधीक्षक एवं अधीक्षिका तथा जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के समस्त अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, जिसमें भ्रमण की गयी इकाईयों से सम्बन्धित निरीक्षण बिन्दुओं से अवगत कराया गया तथा अनुरोध किया गया कि भ्रमण के दौरान इंगित की गयी कमियों को दूर करते हुए विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें।





( सादिया सिद्दीकी, )
परामर्शदाता, डी०आई०सी० सेल

(सरिता गुप्ता)
आशा कार्यक्रम प्रबन्धक,सी०पी० / ई०एम०टी०एस०

( डा० अर्चना वर्मा, )
महाप्रबन्धक, नियोजन